# छत्तीसगढ के हरदीभाटा गांव को मिला पंचायत पुरस्कार, राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

**11 दिसंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार विजेताओं का किया जाएगा सम्मान**

नई दिल्ली । आरएनएस



छत्तीसगढ के हरदीभाटा गांव को पंचायत पुरस्कार मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 11 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में यह पुरस्कार प्रदान करेंगी।

बता दें पंचायती राज मंत्रालय ने मूल्यांकन वर्ष 2022-2023 के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की घोषणा की है। ये पुरस्कार उत्कृष्टता के एक मानक के रूप में जमीनी स्तर पर समावेशी और सतत विकास को आगे बढ़ाने में देश भर में पंचायती राज संस्थानों के अनुकरणीय प्रयासों को स्वीकार करते हैं।

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2024 के लिए सम्मान समारोह 11 दिसंबर, 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में होगा, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगी।

45 पुरस्कार विजेताओं का चयन

इस वर्ष, विभिन्न श्रेणियों के तहत 45 पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया है, जो जमीनी स्तर पर शासन और सामुदायिक विकास में उपलब्धियों के व्यापक फलक को दर्शाता है । श्रेणियों में दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार, नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार, ग्राम ऊर्जा स्वराज विशेष पंचायत पुरस्कार, कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरस्कार और पंचायत क्षमता निर्माण सर्वोत्तम संस्थान पुरस्कार शामिल हैं।

ये पुरस्कार गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, बाल कल्याण, जल पर्याप्तता, स्वच्छता, बुनियादी ढांचे के विकास, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और जलवायु स्थिरता जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उपलब्धियों को मान्यता देते हैं।

इस श्रेणी में छत्तीसगढ के धमतरी जिला के नागरी ब्लाक के हरदीभाटा गांव को दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास के अंतर्गत सामाजिक रुप से न्यायसंगत एवं सामाजिक रुप से संरक्षित पंचायत के तौर पर पुरस्कार घोषित हुआ है।

इस वर्ष प्रतियोगिता में 1.94 लाख ग्राम पंचायतों ने भाग लिया। पुरस्कार प्राप्त करने वाली 42 पंचायतों में से 42त्न पंचायतें महिला नेतृत्व वाली हैं। सावधानीपूर्वक चयन प्रक्रिया में ब्लॉक स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक 5 विभिन्न समितियों द्वारा सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) के स्थानीयकरण के साथ जुड़े विभिन्न विषयगत क्षेत्रों में पंचायतों के प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन शामिल था।

यह प्रक्रिया पारदर्शिता को बढ़ावा देने और पंचायती राज संस्थाओं/ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) के बीच प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करने के लिए मंत्रालय की अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

यह घोषणा पंचायती राज संस्थाओं की सराहनीय उपलब्धियों का जश्न मनाने का मंच तैयार करती है। यह घोषणा सुदृढ़ और जीवंत ग्रामीण समुदायों को आकार देने में पंचायतों की भूमिका पर भी जोर देती है।

यह प्रतिष्ठा न केवल इन संस्थाओं द्वारा किए गए असाधारण कार्यों की मान्यता के रूप में कार्य करती है, बल्कि इसका उद्देश्य अन्य पंचायतों को अपने क्षेत्रों में इन सर्वोत्तम प्रथाओं को दोहराने के लिए प्रेरित करना भी है।

## छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग के सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग बिलासपुर में कराने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के भाग (ठ) के समान छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी जिला बिलासपुर के निजी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से कराने हेतु राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर 2024, सायं 4 बजे तक निर्धारित है। आवेदन संभागीय मुख्यालय के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, सरगुजा, दुर्ग में जमा कराए जा सकते है।

आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड कर अवलोकन किया जा सकता है। इस परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी यथा पात्र अभ्यर्थी, परीक्षा केन्द्र, परीक्षा परिणाम आदि सूचना विभागीय वेबसाइट से अभ्यर्थी प्राप्त कर सकते है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दूसरे की जमीन को अपना बताकर बेचा, ठगी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** चंदनडीह में दूसरे की जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर 10 लाख में सौदा तय करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गणेश गोले 38 वर्ष मन्नु चौक टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी मंजू देवी अग्रवाल व अन्य ने प्रार्थी को चंदनडीह बोलेनो शोरूम के पास स्थित दूसरे की जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी से सौदा तय कर लिया और 10 लाख रुपए ले लिया। जब प्रार्थी को इस बात की जानकारी हुई तो उसने इसकी शिकायत आमानाका थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मिलावट माल सप्लाई किया, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** गोंदवारा स्थित गोदाम में माल में मिलावट कर सप्लाई करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुदेश केडिया 55 वर्ष समता कालोनी आजाद चौक का रहने वाला है। आरोपी अंकीत केशरवानी प्रार्थी के कंपनी में ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है। बताया जाता है कि आरोपी अंकीत ने प्रार्थी के कंपनी में भेजे गए स्पंज आयरन माल को अपने गोंदवारा स्थित गोदाम में ले जाकर माल में मिलावट किया फिर प्रार्थी को सप्लाई कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### डीआई वाहन से 4 कार्टून पेंट पर चोरों ने किया हाथ साफ

**रायपुर (आरएनएस)।** अशोक नगर गुढियारी में खड़ी डीआई वाहन से अज्ञात चोर ने 4 कार्टून पेंट पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पप्पु सोनी 28 वर्ष बड़ा अशोक नगर गुढियारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी डीआई वाहन में पेंट का कार्टून लोड कर अशोक नगर में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने वाहन से 4 कार्टून पेंट पार कर दिया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मेटाडोर में लटका मिला शव, हत्या की आशंका

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** भाटापारा मंडी गेट के सामने एक मेटाडोर के केबिन में एक व्यक्ति का शव लटका हुआ मिलने से पूरे इलाके में हडक़ंप मच गया। यह शव सुबह-सुबह मेटाडोर के चालक दरवाजे के ऊपर केबिन में लटका हुआ पाया गया, जिसे राहगीरों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। भाटापारा शहर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और प्रथम दृष्ट्या हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव की पहचान और घटनास्थल से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच शुरू कर दी है, ताकि घटना के सही कारण का पता चल सके। पुलिस द्वारा मामले की गहनता से पड़ताल की जा रही है।

### ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स करने वालों को मिला रोजगार

**रायपुर (आरएनएस)।** लाइवलीहुड कॉलेज जोरा में महिंद्रा एन्ड महिंद्रा लिमिटेड के द्वारा ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में प्रशिक्षण हेतु नवीन तकनीक से लैब स्थापित किया गया है। जहां महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा कौशल विकास योजना अंतर्गत ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षित प्रथम बैच के सभी हितग्राहियों को प्लेसमेंट कैंप आयोजित कर महिंद्रा ट्रैक्टर डीलरशिप एवं प्लांट में रोजगार प्रदान किया गया। इस कोर्स के लिए जिले में निवासरत 18 से 45 वर्ष के इच्छुक हितग्राही आवेदन जमा कर सकते है।

## हमारा शौचालय हमारा सम्मान थीम के साथ मनाया गया विश्व शौचालय दिवस

**जिले के सभी विकासखंड के हितग्राहियों को किया सम्मानित**

रायगढ़



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत रायगढ़ जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेश पटेल जिला पंचायत रायगढ़ के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा) के तहत विश्व शौचालय दिवस -2024 के आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 'हमारा शौचालय हमारा सम्मान थीम पर विश्व शौचालय दिवस का आयोजन 19 नवम्बर 2024 से प्रारंभ होकर मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर 2024 को समाप्त किया गया।

जिसके अंतर्गत उक्त गतिविधियों के आयोजन हेतु 14 नवम्बर से 18 नवम्बर-अभियान की तैयारी हेतु बैठक तथा अक्रियाशील सामुदायिक शौचालयों का चिन्हांकन (सर्वेक्षण उपरांत), सर्वेक्षण का डाटा आई.एम.आई. एस. में प्रविष्ठ करने का कार्य किया गया। 19 नवम्बर जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा) के प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन कर अभियान का शुभारंभ किया गया। 19 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक सामुदायिक शौचालय के 3 आर.रिपेयर, रिस्टोर तथा रिफाईन पर ध्यान केन्द्रित करना तथा व्यक्तिगत शौचालय व सामुदायिक शौचालय के सौंदर्गीकरण करना जिससे वे आकर्षित व साफ. सूथरे रहे। इस अवधि में व्यक्तिगत शौचालय के स्वीकृति पत्रों का वितरण भी किया गया। 5 दिसम्बर से 9 दिसम्बर तक शौचालय की क्रियाशीलता में सुधार,पेंटिंग,सामुदायिक सहभागिता, बेस्ट शौचालय (व्यक्तिगत सामुदायिक) का आंकलन हेतु सर्वेक्षण किया गया। 10 दिसम्बर को अभियान का समापन किया गया। इस मौके पर शौचालय के रख रखाव के लिए हितग्राहियों को अवार्ड वितरण किया गया।

विश्व शौचालय दिवस 2024 के अंतर्गत दिनांक 19 नवम्बर 2024 से प्रारंभ होकर मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर 2024 को समाप्त किया गया। जिसके तहत जिला पंचायत परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रशस्ति-पत्र हेतु रायगढ़ जिले के सभी 07 विकासखंडों के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु 07 विकासखंडों के 07 हितग्राहियों को सम्मानित कर प्रशस्ति-पत्र एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु 07 विकासखंड के 1-1 ग्राम पंचायतों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। इस अवसर पर अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़, परियोजना अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी, जिला सलाहकार/कर्मचारी (स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण) एवं अन्य सदस्य लोग उपस्थित रहे, और प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।

## पद्मश्री डॉ. तीजन बाई की आवाज फीकी पड़ने लगी, सेहत में आ रही गिरावट

दुर्ग । आरएनएस

छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायन विधा को विदेशों तक पहुंचाने वाली पद्मश्री, पद्मविभूषण और पद्मभूषण से सम्मानित डॉ. तीजन बाई की सेहत में लगातार गिरावट आ रही है। अब उनकी आवाज भी पहले जैसी नहीं रही, और वे बात करना भी बंद कर चुकी हैं। इससे उनके प्रशंसकों में चिंता का माहौल है, क्योंकि अब शायद हमें उनकी आवाज फिर से सुनने को न मिले।

गनियारी गांव की निवासी और पारधी समाज से ताल्लुक रखने वाली डॉ. तीजन बाई ने अपना पूरा जीवन पंडवानी गायन विधा को समर्पित किया है। उन्होंने अपनी कला से छत्तीसगढ़ की पहचान को दुनिया भर में पहुंचाया है। उन्हें रविशंकर विश्वविद्यालय द्वारा शोध परक कामों में शामिल किया गया है और उन्हें डी.लिट. और पीएचडी की उपाधियां भी प्राप्त हैं। बॉलीवुड ने भी उनके जीवन पर फिल्म बनाने के लिए अनुबंध किया था, लेकिन वह योजना अब तक पूरी नहीं हो पाई है।

हालांकि, डॉ. तीजन बाई को छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से अब तक कोई पेंशन नहीं मिल पाई है, और संस्कृति विभाग भी उनके जैसे कलाकारों के लिए कोई योजना तैयार नहीं कर सका है। जबकि डॉ. तीजन बाई जैसे कलाकारों के कारण ही छत्तीसगढ़ को वैश्विक पहचान मिली है। अब उनकी बिगड़ती सेहत और राज्य सरकार की लापरवाही के कारण उनके प्रशंसक और साथी कलाकार दुखी हैं।

## युवोदय कार्यक्रम के तहत ब्लॉक समन्वयकों के 4 पदों पर की जाएगी नियुक्ति

**9 दिसंबर से 16 दिसंबर तक किया जा सकता है आवेदन**

दंतेवाड़ा । आरएनएस

समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार युवोदय कार्यक्रम (जिला प्रशासन दंतेवाड़ा और यूनिसेफ का संयुक्त प्रयास) एक स्वैच्छिक पहल हैं, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य पोषण, शिक्षा, स्वच्छता और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन दंतेवाड़ा और यूनिसेफ के सहयोग से संचालित होगा, इन स्थानीय चुनौतियों के मद्देनजर सामुदायिक आधारित स्थायी हस्तक्षेपों के माध्यम से हल करने के लिए ब्लॉक समन्वयकों की नियुक्ति की जा रही हैं। इसके तहत ब्लॉक समन्वयकों के कुल 4 रिक्त पदों (शैक्षणिक योग्यता- 12वीं उत्तीर्ण एवं कम्प्यूटर का ज्ञान) में नियुक्ति हेतु दिनांक 09 दिसंबर से 16 दिसंबर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। आवेदन विभागीय वेबसाईट में विज्ञापन अनुसार आवेदन का प्रारुप डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदक द्वारा अपना आवेदन पत्र सीधे स्वयं कार्यालय में पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से उप संचालक समाज कल्याण विभाग दंतेवाड़ा के पदनाम से प्रेषित किया जा सकता हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

## पति-पत्नी की हत्या मामले में दो आरोपी भेजे गए जेल

कोरबा । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर पति-पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी का मृतका के साथ अफेयर था और मृतका के पति ने उसे आरोपी युवक के साथ संबंध बनाते देख लिया था जिसके बाद उनके बीच विवाद हुआ और आरोपी युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर अपनी प्रेमिका और उसके पति की हत्या कर दी। मामला सर्वमंगला चौकी के भिखारी डेरा का है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना तीन दिसंबर की है। वासुदेव यादव (66 साल) और उसकी पत्नी शांता बाई (64) की हत्या की गई है। पुलिस ने महिला के बॉयफ्रेंड के दोस्त शेख रमजान अली (42 साल) को अरेस्ट कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपी कमल सतनामी (38 साल) फ रार है, जिसकी तलाश की जा रही है। कमल सतनामी, दोस्त शेख रमजान अली और महिला का पति वासुदेव यादव के घर से कुछ दूरी पर शराब पी रहे थे। इस दौरान जब महिला का पति वासुदेव यादव नशे में चूर हो गया तो उसे आता हूं कहकर कमल उसके घर चला गया। काफी देर तक कमल नही लौटा तो वासुदेव यादव भी अपने घर के लिए चला गया। इस दौरान उसने अपनी पत्नी के साथ कमल को संबंध बनाते देख लिया। कमल ने भंडा फूट जाने की डर से वासूदेव के सीने पर लात मारी। इससे वह गिर गया। बॉयफ्रेंड ने पत्नी के सामने ही उसके पति को लात-घूंसों से पीट-पीटकर मार डाला। इससे महिला घबरा गई और चिल्लाने लगी, तभी कमल का दोस्त शेख रमजान अली भी मौके पर पहुंचा और दोनों दोस्तों ने मिलकर महिला को भी मारने की साजिश रची। इस दौरान शेख रमजान अली महिला के पैरों को पकड़ा और कमल ने अपनी प्रेमिका का गला घोंट दिया। वारदात के बाद दोनों अपने-अपने घर चले गए। दूसरे दिन महिला का प्रेमी कमल सर्वमंगला पुलिस चौकी पहुंचा। उसने खुद पुलिस को यह जानकारी दी कि वासुदेव यादव और उसकी पत्नी की लाश पड़ी है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मर्डर का खुलासा हुआ। पुलिस को सूचना देकर कमल उसी दौरान वहां से फ रार हो गया था। अब पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने शक के आधार पर पहले पूछताछ के लिए कमल के दोस्त रमजान को पकड़ा और पुछताछ की किंतु शेख रमजान अली पुलिस को गुमराह करता रहा लेकिन कड़ाई से पुछताछ के बाद उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने आरोपी शेख रमजान अली को जेल भेज दिया है।

## दिव्यांग छात्रों की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में दिखाये अपने हुनर

**सभी 07 ब्लॉक के दिव्यांग बच्चे ने की हिस्सेदारी**

रायगढ़



विगत दिवस 05 दिसम्बर 2024 को जिला स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांग बच्चों का पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन पीएम स्कूल नटवर रायगढ़ के खेल मैदान में आयोजित किया गया। उक्त क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. के वेंकट राव, डीएमसी नरेंद्र चौधरी एवं जिला परियोजना कार्यालय के एपीसी एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी के मार्गदर्शन द्वारा किया गया। उक्त क्रीड़ा प्रतियोगिता में सभी 07 ब्लॉक के सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों मूक बधिर, मानसिक मंदता, प्रमस्तिक अंगघात, नेत्रवाधित, अस्थि बाधित इत्यादि बच्चों ने भाग लिये। जिला स्तरीय खेल कूद के आयोजन में 50 मी दौड़, 100 मी दौड, तवा फेक, गोला फेंक, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता, मटका फोड़, गायन आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त जिला स्तरीय प्रांतीय में जिले के सभी सात विकास खंडो से 149 दिव्यांग बच्चे भाग लिए। जिसमें खेल कूद का कार्यक्रम का उद्धाटन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी के साथ जिला मिशन संचालक नरेंद्र चौधरी, एपीसी भूपेंद्र पटेल, एपीसी भुवनेश्वर पटेल एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल और सभी विकासखंडो के बीआरपी एवं स्पेशल एजुकेटर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी बच्चों को स्वल्पआहार के अंतर्गत केला, बिस्किट, पोहा, जलेबी दिया गया और दोपहर को सुस्वादिष्ट भोजन भी दिया गया। पूरे दिन भर बच्चों ने सभी बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों के सुमधुर गीतों ने सभी लोगो मंत्रमुग्ध किया। क्रीड़ा और सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सभी बच्चों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त प्रतिभागी बच्चों को एपीसी भूपेंद्र पटेल एवं बीआरसी मनोज अग्रवाल द्वारा पुरस्कार वितरण दिया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को स्पोट्र्स ड्रेस दिया गया और वह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## रीलबाज बदमाशों की 'रील' बना रही पुलिस, आईपी एड्रेस से लोकेशन कर रही ट्रेस

रायपुर । आरएनएस

इंटरनेट मीडिया में जब से रील बनाने का चलन शुरू हुआ है, इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर हर वर्ग के लोग रील बनाकर डाल रहे हैं। इसमें बदमाश भी पीछे नहीं हैं।

लोगों के बीच अपना दबदबा कायम रखने पिस्टल, चाकू के साथ बदमाश अपनी रील बनाते हैं।

इतना ही नहीं खुद को शहर को बादशाह बताने वाली रील बनाकर इंस्टाग्राम सहित अन्य इंटरनेट मीडिया में पोस्ट कर रहे हैं। इससे लोगों में भय का माहौल न बने, इसके लिए पुलिस भी अब बदमाशों की पतासाजी कर उन्हें पकडक़र उनकी रील बनाकर पोस्ट कर रही है।

एसएसपी के अनुसार, साइबर सेल की विशेष शाखा इंटरनेट मीडिया में खुद को डॉन और बादशाह साबित करने वाले बदमाशों पर निगरानी रखने का काम कर रही है। बदमाशों की आईपी एड्रेस के माध्यम से पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने 40 से ज्यादा अकाउंट ब्लॉक कराए

गलत तरीके से रील बनाकर पोस्ट करने वाले बदमाशों के अब तक 35 से ज्यादा अकाउंट को ब्लाक कराया गया है। इनमें कई नाबालिग बदमाश हैं, जिनके पुलिस ने अकाउंट ब्लॉक किए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से कई बदमाश डरने लगे हैं।

रील बनाने वाले साथियों के हश्र देख इंटरनेट मीडिया में एक्टिव रहने वाले बदमाश सहम गए हैं। कार्रवाई से बचने दो दर्जन से ज्यादा बदमाशों द्वारा अपने इंटरनेट अकाउंट बंद किए जाने की जानकारी पुलिस को मिली है।

जिन बदमाशों ने इंटरनेट मीडिया में ऊलजुलूल पोस्ट किया है, ऐसे बदमाशों का पुलिस उनके नाई से बाल कटवाकर अपने इंटरनेट मीडिया में पोस्ट करने का काम कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से बदमाश डर गए हैं।

इंटरनेट मीडिया में अपने आपको दादा बताने वाले बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बदमाशों के अकाउंट भी बंद कराए गए हैं। बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने नियमित अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। - डॉ. संतोष सिंह, एसएसपी रायपुर

### बदमाशों का माफी मांगते वीडियो जारी कर रही पुलिस

उलजुलूल पोस्ट करने वाले अब तक जिन बदमाशों की पहचान कर कार्रवाई की गई है, उन बदमाशों को सबक सिखाने का पुलिस काम कर रही है। इसके लिए पुलिस उनकी ही रील में मिक्स रील कर उन्हें सबक सिखा रही है।

उलजुलूल पोस्ट करने वाले अब तक जिन बदमाशों की पहचान कर कार्रवाई की गई है, उन बदमाशों को सबक सिखाने का पुलिस काम कर रही है। इसके लिए पुलिस उनकी ही रील में मिक्स रील कर उन्हें सबक सिखा रही है।

साथ ही बदमाश की इंटरनेट मीडिया में गलत तरह से रील बनाने पर माफी मांगने का वीडियो पुलिस अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट में पोस्ट कर रही है।